VCCC बैठक दिनांक 29-1-16

8.Marking System लागू किये जाने के संबंध में की गई कार्यवाही व भावी कार्य योजनाः–

राजभवन स्तर पर समस्त विश्वविद्यालयों की दिनांक 16.07.2015 को बैठक आयोजित कर मार्किंग सिस्टम लागू किये जाने हेतु विस्तृत विचार विमर्श किया गया तथा पत्र दिनांक 23.07.2015 **(परिशिष्ट–6)** द्वारा विस्तृत निर्देश जारी किये जाकर अपेक्षा की गई थी कि सत्र 2015–16 से उक्त Marking System को समस्त विश्वविद्यालयों द्वारा लागू किया जावे।

Marking System के संबंध मे पेपर सेटर के मानदेय, परीक्षा कार्य से जुड़े कार्मिकों को दिये जाने वाले मानदेय व अन्य संबंधित मुद्दों पर आ रही समस्याओं पर विस्तार से

विचार–विमर्श उपरांत माननीय राज्यपाल एवं कुलाधिपति महोदय द्वारा **निम्नांकित समिति का गठन किया गया जो निर्धारित संदर्भ की शर्तों (Terms of Referances) के अन्तर्गत दिनांक 30.04.2016 तक अपनी सिफारिशें प्रस्तुत करेगीः–**

1.	प्रमुख शासन सचिव, उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग	– संयोजक
2.	प्रमुख शासन सचिव, वित्त विभाग	– सदस्य
3.	कुलपति, राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर	– सदस्य
4.	कुलपति, कोटा विश्वविद्यालय, कोटा,	– सदस्य
5.	कुलपति, महर्षि दयानन्द सरस्वती विश्वविद्यालय, अजमेर	– सदस्य

उक्त समिति की संदर्भ की शर्तें (Terms of References) निम्नानुसार रहेगीः–

(i) समस्त विश्वविद्यालयों में समान कोर्सेज के लिए समान परीक्षा शुल्क,

(ii) Marking System के दृष्टिगत पेपर सेटर हेतु मानदेय एवं उसकी प्रक्रिया,

(iii) परीक्षा में वीक्षक, केन्द्र अधीक्षक आदि परीक्षा कार्यों से जुड़े कार्मिकों को मानदेय का निर्धारण

(iv) विश्वविद्यालयों में विभिन्न कर्मचारियों व प्राध्यापकों को विभिन्न गतिविधिवार दिये जाने वाले ओवर टाईम/मानदेय/पारिश्रमिक का निर्धारण।

समिति द्वारा की गई सिफारिशें माननीय राज्यपाल एवं कुलाधिपति महोदय से अनुमोदन उपरांत सभी विश्वविद्यालयों पर बाध्यकारी होगी।

कार्यकारी विभाग/विश्वविद्यालयः– प्रमुख शासन सचिव, उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग।

9. स्वीकृत रिक्त पदों पर भर्ती हेतु विश्वविद्यालयों के प्रस्तावों पर राज्य सरकार के प्रशासनिक विभागों द्वारा की गई कार्यवाही की समीक्षा तथा जिन प्रकरणों में स्वीकृति प्रदान कर दी गई है उन पदों पर भर्ती हेतु विश्वविद्यालयों द्वारा की गई कार्यवाही की समीक्षाः–

माननीय राज्यपाल एवं कुलाधिपति महोदय द्वारा समस्त कुलपतिगण से विश्वविद्यालयवार स्वीकृत पद, रिक्त पद, भर्ती हेतु प्रस्तावित पद तथा भर्ती हेतु स्वीकृति प्राप्त पदों का शैक्षणिक व अशैक्षणिक वर्गों में अलग–अलग विवरण प्रस्तुत करने के निर्देश प्रदान किये गये। विश्वविद्यालयवार स्थिति निम्नानुसार हैः–

(i) राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर :-

शैक्षणिक पद				अशैक्षणिक पद			
स्वीकृत	रिक्त	भर्ती हेतु प्रस्तावित	स्वीकृति प्राप्त	स्वीकृत	रिक्त	भर्ती हेतु प्रस्तावित	स्वीकृति प्राप्त
1	2	3	4	5	6	7	8